बिहार विधान सभा सचिवालय

सार्वजनिक नीलामी की सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय/अतिथि निवास एवं 02, देशरत्नमार्ग, पटना में अनुपयोगी वस्तुओं/कागजातों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक-01.02.2018 को 3.00 बजे अपराह्न में बिहार विधान सभा के मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित वाचनालय कक्ष में होगी । नीलाम की जाने वाली अनुपयोगी वस्तुओं/कागजातों की विस्तृत सूची एवं इससे संबंधित शर्तें बिहार विधान सभा के वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखी जा सकती है ।

नीलाम की जाने वाली अनुपयोगी वस्तुओं/कागजातों का आधारमूल 3,00,000 (तीन लाख रुपये) होगा । नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों/एजेंसियों को 10,000 (दस हजार रुपये) का बैंक ड्राफ्ट अथवा नगद अग्रधन के रूप में सचिव, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में दिनांक-01.02.2018 को 12.00 बजे तक जमा करना होगा । बैंक ड्राफ्ट निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, बिहार विधान सभा के पदनाम से पटना में भुगतेय होगा । अधिकतम डाक बोलने वाले व्यक्ति/एजेंसियों को अनुपयोगी वस्तुओं/कागजातों की नीलामी दी जायेगी । नीलामी में सफल व्यक्ति/एजेंसी को अधिकतम डाक मूल्य का अधिकतम 25% राशि उसी दिन सभा सचिवालय में जमा करना होगा । नीलामी के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी कार्य दिवस में बिहार विधान सभा के अवधायक शाखा से प्राप्त की जा सकती है ।

अन्य शर्तें – नीलामी के पश्चात् दिनांक-06.02.2018 तक नीलाम की जाने वाली सभी वस्तुओं/कागजातों को उठाव कर लेना पड़ेगा ।

(2) अधिकतम डाक बोलने वाले व्यक्ति/एजेंसी डाक मूल्य का 25% राशि सभा सचिवालय को जमा नहीं करते हैं अथवा समय सीमा के अन्दर 75% राशि जमा कर नीलाम की जाने वाली अनुपयोगी वस्तुओं/कागजातों का उठाव नहीं करते हैं, तब वैसी स्थिति में दूसरे उच्चतर डाक बोलने वाले व्यक्ति/एजेंसी को नीलामी का कार्य दे दिया जायेगा ।

(3) सभा सचिवालय के पदाधिकारी/कर्मचारी डाक में भाग नहीं लेंगे ।

(4) बिना कारण बताये इस नीलामी को रद्द करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय को होगा ।

अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।